एक नजर

यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 50 वाहनों का चालान, छह सीज

गोण्डा। सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों कापालन सुनिश्चित कराने के लिए परिवहन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। एआरटीओ प्रशासन आरसी भारतीय के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों में खलबली मची रही। टीम ने 50 वाहनों का चालान करने के साथ छह वाहनों को सीज कर दिया।अभियान के दौरान ओवरस्पीडिंग, बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने, हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) नहीं लगवाने, गलत पार्किंग, बिना हेलमेट और खतरनाक ढंग से वाहन चलाने के मामले पकड़े गए। इन सभी मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की गई।जांच के दौरान निर्धारित क्षमता से अधिक भार लेकर चल रहे दो ओवरलोड पिकअप वाहनों को सीज किया गया। इसके अलावा नियमों का उल्लंघन करने पर तीन ऑटो और एक ई-रिक्शा भी जब्त किया गया। संयुक्त टीम ने कुल छह वाहनों के विरुद्ध सीज करने की कार्रवाई की।एआरटीओ प्रशासन आरसी भारतीय ने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें और ड्राइविंग लाइसेंस सहित जरूरी अभिलेख साथ रखें। वाहनों पर एचएसआरपी लगवाने, निर्धारित गति सीमा में चलने और सही स्थान पर पार्किंग करने के साथ ओवरलोडिंग से बचने की भी हिदायत दी। सड़क सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है। नियमों का पालन कर स्वयं के साथ दूसरों की जिंदगी भी सुरक्षित रखी जा सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय पर भाजपा सह प्रभारी ने दिया जोर

अम्बेडकरनगर। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी सांसद डॉण् प्रदीप वर्मा ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय अटल भवन में जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव की अध्यक्षता में जिला प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्षों और पार्टी के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इसमें संगठन को और मजबूत बनानेए वरिष्ठ एवं वर्तमान पदाधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए डॉण् प्रदीप वर्मा ने कहा कि संगठन की असली ताकत कार्यकर्ताओं की एकजुटता और आपसी समन्वय में है। पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों को मिलकर संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। ऐसे में पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे जनसंपर्क और संवाद के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाएं। जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन हैए जहां हर कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। वरिष्ठ नेताओं के अनुभव और कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास से संगठन को नई मजबूती मिलेगी।बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी बनाने और आपसी सहभागिता के साथ पार्टी के कार्यक्रमों को गति देने पर जोर दिया गया। इस दौरान क्षेत्रीय मंत्री गौरव भाटिया जिला प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव विधायक धर्मराज निषाद जिला पंचायत प्रशासक श्याम सुंदर वर्मा डॉण् मिथिलेश त्रिपाठी पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा राम प्रकाश यादव ज्ञान सागर यमुना प्रसाद चतुर्वेदी रमाशंकर सिंह जिला महामंत्री बाबा रामशब्द यादव विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू डॉण् विनोद कुमार पूर्व विधायक त्रिभुवन दत्तए अनीता कमल जयराम विमल सहित अन्य नेता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

अकबरपुर में 33,91 लाख रुपये से बनेगा भव्य शौर्य स्थल, 18 शिलालेखों पर दर्ज होगा शहीदों का इतिहास


अम्बेडकरनगर। वीर शहीदों के त्याग और बलिदान की स्मृतियों को संजोने तथा युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से अकबरपुर में भव्य शौर्य स्थल का निर्माण कराया जाएगा। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने नगर पालिका परिषद अकबरपुर की ओर से प्रस्तुत निर्माण प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान कर दिया है। करीब 33,91 लाख रुपये की अनुमानित लागत से राज्य वित्त आयोग मद के तहत बनने वाले इस स्मारक के लिए डीएम ने नगर पालिका प्रशासन को निविदा संबंधी प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर निर्माण कार्य आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।प्रस्तावित शौर्य स्थल के केंद्र में प्राकृतिक बलुआ पत्थर से निर्मित करीब तीन मीटर ऊंचे आकर्षक स्मारकीय स्तंभ स्थापित किए जाएंगे। यहां शहीदों की स्मृति में 18 विशेष पत्थर के शिलालेख भी लगाए जाएंगे। इन पर जनपद के वीर सपूतों के चित्र नाम ऐतिहासिक परिचय और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान का विवरण अंकित किया जाएगा। परिसर में अमर ज्योति की प्रतीकात्मक ज्वाला अथवा विशेष प्रकाश व्यवस्था भी होगी। इसके अलावा इंटरलॉकिंग एवं एक्सपोज्ड एग्रीगेट से निर्मित पाथवे हरित क्षेत्र मजबूत बाउंड्रीवाल और करीब चार मीटर चौड़ा आकर्षक प्रवेश द्वार बनाया जाएगा। रात्रि में परिसर को प्रकाशमान रखने के लिए आधुनिक विद्युत व्यवस्था भी की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि शौर्य स्थल केवल एक स्मारक नहीं बल्कि शहीदों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक होगा। यहां आने वाले युवा और विद्यार्थी देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सपूतों के जीवन साहस त्याग और बलिदान से परिचित हो सकेंगे। इससे आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा और देशभक्ति की प्रेरणा मिलेगी।

बीबी उम्मुल बनीन की व फ़ात पर मजलिस.ए.अज़ा आयोजित, सब्र और वफ़ा की मिसाल को किया याद

अम्बेडकरनगर। नगर के लोरपुर ताजन स्थित मस्जिद हुसैनाबाद में सोमवार की रात अंजुमन हुसैनिया रजिस्टर्ड हुसैनाबाद लोरपुर के नेतृत्व में हज़रत बीबी उम्मुल बनीन ;सण्अण्द्ध की वफ़्त के मौके पर मजलिस.ए.अज़ा का आयोजन अकीदत और एहतराम के साथ किया गया। मजलिस में उनकी अज़ीम शख्सियत सीरत सब्र वफ़ा और कुर्बानियों को याद करते हुए उनके जीवन से सीख लेने का संदेश दिया गया।मजलिस को संबोधित करते हुए मशहूर आलिमेदीन मौलाना सैय्यद इंतज़ार मेंहदी फ़ैज़ी ने कहा कि हज़रत बीबी उम्मुल बनीन ;सण्अण्द्ध की ज़िंदगी इस्लामी इतिहास का एक रौशन अध्याय है। उन्होंने ऐसी औलाद की तरबियत कीए जिसने मैदान.ए.कर्बला में इमाम हुसैन ;अण्सण्द्ध की नुसरत में अपनी जान कुर्बान कर दी। उनके चारों साहबजादों ने कर्बला में शहादत हासिल कीए जिनमें हज़रत अब्बास अलमदार ;अण्सण्द्ध का नाम वफ़ा और शुजाअत की अज़ीम मिसाल के तौर पर लिया जाता है। उन्होंने कहा कि बेटों की शहादत के बाद भी बीबी उम्मुल बनीन ने अहलेबैत ;अण्सण्द्ध से अपनी मोहब्बत और वफ़ादारी बरकरार रखी। उनकी सीरत हमें सब्र कुर्बानी और ईमानदारी के साथ अहलेबैत से मोहब्बत का पैगाम देती है।मजलिस के दौरान नय्यर हुसैन खान ने सोजख्वानी की जबकि संचालन शजर रिजवी ने किया। इस मौके पर अंजुमन हुसैनिया रजिस्टर्ड हुसैनाबाद लोरपुर ने नौहा पढ़ा। ज़बां पे मादरे अब्बास के ये नौहा था ए बीबियों मुझे उम्मुल बनीन अब न कहोश् नौहे ने माहौल को गमगीन कर दिया।

प्रदेश में आजम खान और ओवैसी की नहीं गलने वाली दाल- ब्रजेश पाठक

डिप्टी सीएम ने अखिलेश यादव पर भी साधा निशाना, बोले- पहले सनातन धर्म के प्रति अपना रुख स्पष्ट करें और प्रभु श्रीराम से माफी मांगें



जयप्रभा ग्राम गोण्डा। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आजम खान हों या ओवैसी, किसी की भी दाल उत्तर प्रदेश में गलने वाली नहीं है। इंडी गठबंधन के सफल होने की भी कोई संभावना नहीं है। उन्होंने समाजवादी पार्टी और उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा सनातन धर्म की घोर विरोधी रही है। अखिलेश यादव काशी, मथुरा और अयोध्या जरूर जाएं, लेकिन पहले सनातन धर्म के प्रति अपनी स्थिति स्पष्ट करें और प्रभु श्रीराम से माफी मांगें। संभव है कि इससे उनका कल्याण हो जाए।ये बातें उप मुख्यमंत्री ने इटियाथोक क्षेत्र के जयप्रभा ग्राम में आयोजित भव्य श्रीराम कथा में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी अब बहुरूपिये का रूप धारण कर चुकी है। प्रदेश की जनता सब समझती है और ऐसे राजनीतिक प्रयास सफल नहीं होंगे।श्रीराम कथा के मंच से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखकर उप मुख्यमंत्री अभिभूत नजर आए। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं का अभिवादन करते हुए कहा कि गोण्डा की धरती पर आस्था और भक्ति का ऐसा अद्भुत दृश्य देखकर उनका मन प्रसन्न हो गया है। उन्होंने आयोजन के लिए जिलेवासियों को बधाई दी और महंत आलोक दास महाराज का अभिनंदन किया।डिप्टी सीएम ने कहा कि उनके मित्र एवं आदरणीय आलोक दास महाराज ने प्रभु श्रीराम की कथा का आयोजन कर गोण्डा की धरती को भक्तिमय बना दिया है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित कर दिया है। देशभर में भ्रमण और प्रवास कर सनातन संस्कृति की पताका फहराने का कार्य कर रहे हैं। लोगों से बातचीत में उन्हें जानकारी मिली कि इटियाथोक और आसपास के क्षेत्र में इससे पहले इतना भव्य धार्मिक आयोजन नहीं हुआ।उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम की कृपा पूरे प्रदेश, गोण्डा और विशेष रूप से इटियाथोक क्षेत्र के लोगों पर बरस रही है। यह महंत आलोक दास महाराज की मेहनत, लगन और समर्पण का प्रतिफल है। सनातन संस्कृति की पताका दोगुनी ताकत से लहराती रहेगी। जब तक आलोक दास महाराज जैसे संत और राजन जी महाराज जैसे कथा वाचक समाज को धर्म और संस्कृति से जोड़ते रहेंगे, तब तक सनातन का ध्वज झुकने वाला नहीं है।भावुक अंदाज में उन्होंने कहा कि धन्य हैं वे माता-पिता, जिन्होंने आलोक दास महाराज जैसे धर्मनिष्ठ और सनातन संस्कृति के प्रति समर्पित व्यक्तित्व को जन्म दिया। उन्होंने प्रभु श्रीराम और हनुमान जी से सभी पर अपनी कृपा बनाए रखने तथा प्रत्येक घर में सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की।इस अवसर पर मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी उर्फ मुन्ना भैया, चेयरमैन प्रतिनिधि मंशाराम वर्मा सहित अनेक गणमान्यजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

राजकीय पौधशाला में रोपित किया गुलाब खास प्रजाति के आम का पौध

बहराइच । राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, बहराइच एवं राजकीय पौधशाला (मुख्यालय) का निरीक्षण किया गया। राजकीय पौधशाला (मु.) पर विकसित किये गये प्रदर्श स्थल पर लगाये गये शाकभाजी की पद्धति की सराहना की। बड़े पैमाने पर की जा रही लतावर्गीय सब्जियों की खेती के सन्दर्भ में जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी को निर्देशित किया गया उत्पादन में वृद्धि तथा गुणवत्ता के लिए मचान विधि से खेती करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित विभागीय अनुदान उपलब्ध कराया जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मचान विधि से सब्जियों की खेती से उत्पादन में वृद्धि के कीट-व्याधि की रोकथाम गुणवत्ता में भी वृद्धि होती है। प्रभारी मंत्री ने जिला उद्यान अधिकारी, बहराइच परिसर एवं राजकीय पौधशाला की साफ-सफाई पर प्रसन्नता व्यक्त की गई।

गुरु नानक देव की शिक्षाएं मानवता और सद्भाव की प्रेरणास्रोत -मंडलायुक्त



गोण्डा। गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं संपूर्ण मानवता को प्रेम, करुणा, सेवा, समानता और सद्भाव का संदेश देती हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत किया जा सकता है।यह विचार मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंगलवार को गुरु नानक जयंती के अवसर पर तहसील सदर स्थित गुरुद्वारा दुख निवारण सिंह में आयोजित गुरु पर्व समारोह में व्यक्त किए। इस दौरान उन्होंने गुरुद्वारे में मत्था टेककर गुरु नानक देव जी के प्रति श्रद्धा प्रकट की और अरदास में सहभागिता की।मंडलायुक्त ने देवीपाटन मंडल के गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच और श्रावस्ती सहित सभी जनपदों के नागरिकों को गुरु नानक जयंती एवं गुरु पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी ने मानवता को आपसी भेदभाव से ऊपर उठकर सेवा, प्रेम और समानता के भाव से जीवन जीने की प्रेरणा दी।उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी का संदेश %नाम जपो, किरत करो और वंड छको% आज भी उतना ही प्रासंगिक है। यह संदेश ईश्वर का स्मरण करने, ईमानदारी और परिश्रम से आजीविका अर्जित करने तथा अपनी कमाई एवं संसाधनों को जरूरतमंदों के साथ साझा करने की सीख देता है।मंडलायुक्त ने कहा कि सभी धर्मों का मूल संदेश मानवता, सदाचार, सेवा और परोपकार है। ऐसे धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन समाज में सकारात्मकता, आपसी विश्वास और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देते हैं। साथ ही हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं को भी मजबूती प्रदान करते हैं।इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, श्रद्धालु एवं अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं का स्मरण किया।

पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से न छूटें-डीएम

गोण्डा। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से छूटने न पाए। इसके लिए अधिकारी क्षेत्रवार अभियान चलाकर पात्र नागरिकों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित कराएं। पुनरीक्षण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।यह निर्देश जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में एक जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और पुनरीक्षण कार्य से जुड़े जनपद स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।जिलाधिकारी ने कहा कि शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित मतदाता सूची स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन की आधारशिला है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ पुनरीक्षण कार्य पूरा कराएं। विशेष अभियान चलाकर ऐसे सभी पात्र नागरिकों का नाम सूची में दर्ज कराया जाए, जो अभी तक मतदाता नहीं बन सके हैं।उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार क्षेत्रवार कार्रवाई करें और पात्र व्यक्तियों तक पहुंच बनाकर उनका पंजीकरण सुनिश्चित कराएं। कोई भी अर्ह नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। इसके लिए संबंधित अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय और नियमित संवाद बनाए रखना जरूरी है।डीएम ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को प्रतिदिन अपने स्तर से पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश दिए। वहीं सुपरवाइजरों को आवंटित क्षेत्रों में नियमित निगरानी कर प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरा किया जाए और कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद, अपर जिलाधिकारी प्रमोद झा, नगर मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतलाल पटेल, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद रजी, समस्त उपजिलाधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के तहत लगा निःशुल्क स्वास्थ्य मेला

श्रावस्ती। भिनगा स्थित जूनियर हाईस्कूल परिसर में मंगलवार को गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन और श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास की ओर से आयोजित मेले में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव, सपा-कांग्रेस गठबंधन और महिलाओं पर की जाने वाली टिप्पणियों को लेकर अपनी बात रखी।स्वास्थ्य मेले में एम्स, पीजीआई, मेडिकल कॉलेज, लोहिया संस्थान और विजय लक्ष्मी आई हॉस्पिटल समेत कई संस्थानों के डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर और खून से जुड़ी जांचें निःशुल्क की गईं।

अल्लामा अज़हरी सैयद नोमान मियां ने मिस्र से हासिल की हदीस में विशेषज्ञता की उपाधि



रुपईडीहा बहराइच । भारत के प्रतिष्ठित धार्मिक परिवार खानवाद-ए-अशरफिया किछौछा शरीफ के लिए गौरव और प्रसन्नता का ऐतिहासिक अवसर सामने आया है। खानवाद-ए-अशरफिया के चश्मो-चिराग,मज़हर-मोहद्दीस-ए-आजम -ए-हिंद, प्रसिद्ध युवा इस्लामी धर्मगुरु अल्लामा अज़हरी सैयद नोमान मियां अशरफी जिलानी किछौछवी ने मिस्र के काहिरा स्थित विश्वप्रसिद्ध जामिया अल-अज़हर विश्वविद्यालय से हदीस के क्षेत्र में तख़स्सुस (विशेषज्ञता) की उपाधि प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि हासिल की है।इस उपलब्धि को खानवाद-ए-अशरफिया के शैक्षणिक एवं धार्मिक इतिहास में एक नए स्वर्णिम अध्याय के रूप में देखा जा रहा है। परिवार की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सैयद नोमान मियां खानवाद-ए-अशरफिया किछौछा शरीफ के पहले अज़हरी हैं, जिन्होंने हदीस में यह विशेष उपाधि हासिल की है।अल्लामा अज़हरी सैयद नोमान मियां, महान इस्लामी विद्वान मुहद्दिस-ए-आज़म-ए-हिंद के प्रपौत्र तथा भारत के प्रतिष्ठित आध्यात्मिक धर्मगुरु, खतीब-ए-आज़म-ए-हिंद पीर सैयद मोहम्मद मक्की राशिद मियां अशरफी जिलानी किछौछवी के सुपुत्र हैं। उनके पिता को देश-विदेश में धार्मिक मार्गदर्शन, आध्यात्मिक शिक्षा, प्रेम, भाईचारे और इंसानियत के संदेश के लिए विशेष सम्मान प्राप्त है।अपने पूर्वजों की महान धार्मिक एवं शैक्षणिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए सैयद नोमान मियां ने विश्वविख्यात अल-अज़हर में उच्च शिक्षा प्राप्त कर यह संदेश दिया है कि ज्ञान, शिक्षा और चरित्र निर्माण ही किसी समाज तथा राष्ट्र की वास्तविक उन्नति का आधार हैं।उनकी इस उपलब्धि से न केवल खानवाद-ए-अशरफिया, बल्कि भारत के धार्मिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में भी हर्ष का वातावरण है। उनसे अपेक्षा की जा रही है कि वह अपनी उच्च शिक्षा, धार्मिक ज्ञान और विद्वत्ता के माध्यम से नई पीढ़ी को सही दिशा प्रदान करेंगे तथा समाज में शिक्षा, शांति, सद्भाव, राष्ट्रीय एकता और मानवता की भावना को मजबूत करेंगे।

एक नजर

कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़ा आस्था का सैलाब



श्रावस्ती। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंगलवार को श्रावस्ती जनपद पूरी तरह से आस्था, भक्ति और लोक-संस्कृति के रंग में रंगा नजर आया। जिले के प्रमुख पौराणिक स्थल सीताद्वार में देवीपाटन मंडल के सबसे बड़े पांच दिवसीय मेले का भव्य आगाज हुआ, वहीं दिकौली, जमुनहा, भंगहा, हरिहरपुर रानी का लखराव मेला सिरसिया का जनकपुर मेला सहित कई ग्रामीण अंचलों में लगे पारंपरिक मेलों में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।सगरा तालाब (दिकौली)गिलौला ब्लॉक के सोनवा थाना क्षेत्र अंतर्गत दिकौली ग्राम सभा के सगरा तालाब पर विशाल मेले का आयोजन हुआ। यहां आसपास के गांवों से आए हजारों लोगों ने स्नान व दीपदान के बाद मेले का आनंद लिया। जमुनहा ब्लॉक के मल्हीपुर, नासिरगंज (विंकटेश्वर महादेव मंदिर बंबा घाट) और फतेहपुर बनगई बाजार में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी चहल-पहल रही। कोतवाली भिनगा क्षेत्र के भंगहा मेले में भी ग्रामीणों ने जमकर खरीदारी की।मेला परिसरों में दूर-दराज से आए व्यापारियों ने कपड़े, खिलौने, श्रृंगार, मिट्टी के बर्तन, मिठाई और घरेलू सामानों की सैकड़ों दुकानें सजाई हैं। बच्चों और युवाओं के मनोरंजन के लिए बड़े-बड़े झूले, सर्कस और खेल-तमाशे मुख्य आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी द्वारा मेला क्षेत्र का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

संदिग्ध परिस्थितियों में पानी के गड्ढे में मिला व्यक्ति का शव

श्रावस्ती। थाना हरदत्तनगर गिरंट क्षेत्र अन्तर्गत मूर्तिहा गांव में ईंट-भट्ठे पर काम करने वाले एक व्यक्ति का शव मंगलवार सुबह गड्ढे में मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गयी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।मिली जानकारी के अनुसार थाना हरदत्तनगर गिरन्ट क्षेत्र के गौसपुर निवासी बसावन श्रीवास्तव पुत्र गया प्रसाद ईंट-भट्ठे पर कच्ची ईंट की पथाई करने वाले मजदूरों की मदद करते थे। मजदूरों को पानी पहुंचाने और दूसरे कामों में हाथ बंटाकर रोजी कमाते थे।उनकी पत्नी रामजानकी ने बताया कि बसावन रोज शाम काम से घर लौट आते थे। सोमवार रात उनके घर नहीं पहुंचने पर परिवार ने तलाश शुरू की, लेकिन उनका पता नहीं चला। मंगलवार सुबह करीब पांच बजे भट्ठे पर काम करने वाले एक पथेड़े ने इंजन के पास बने गड्ढे में शव देखा। उसने भट्ठे के मुंशी को बताया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।हरदत्तनगर गिरंट थाना अध्यक्ष गौरव सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल देखा। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने सीता सरोवर में लगायी डुबकी

श्रावस्ती। थाना इकौना क्षेत्र के टड़वा महंत स्थित भगवान लव-कुश की जन्मस्थली सीताद्वार में मंगलवार से पांच दिवसीय मेला शुरू हुआ। कार्तिक पूर्णिमा पर सुबह से श्रद्धालुओं के सीता सरोवर में स्नान करने का सिलसिला जारी रहा। सुबह 8 बजे के बाद भी बड़ी संख्या में लोग सरोवर पहुंचे। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। भखला घाट स्थित विंकटेश्वर महादेव मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर का वध कर देवताओं को उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। इसी कारण इस दिन को त्रिपुरारी पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस दिन स्नान, दीपदान और भगवान शिव-विष्णु की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है।

पिकअप की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार की मौत

श्रावस्ती। नवीन मॉडर्न पुलिस थाना क्षेत्र अन्तर्गत नेशनल हाईवे 730 पर गोमदापुर मोड़ के पास मंगलवार को पिकअप की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना नवीन माडर्न पुलिस थाना क्षेत्र के हुसैनजोत निवासी जाफर अली मोटरसाइकिल से गोमदापुर गांव जा रहे थे। गोमदापुर मोड़ के पास वह मोटरसाइकिल रोककर किसी से बात कर रहे थे। इसी दौरान इकौना की तरफ से आ रही पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।टक्कर के बाद जाफर अली की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर नवीन मॉडर्न थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंशश पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिनगा भेज दिया।

सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत

श्रावस्ती। नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र के भटपुरवा कला गांव में बाइक की टक्कर से एक अधेड़ की मंगरे चौहान की मौत हो गई। वह सड़क किनारे खड़े थे। घायल हालत में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। भटपुरवा कला गांव निवासी मंगरे चौहान उम्र 52वर्ष पुत्र बाबूराम को बलरामपुर की तरफ से परशुरामपुर जा रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोग जुट गए। स्थानीय लोगों की मदद से परिजन उन्हें निजी वाहन से सीएचसी इकौना ले गए। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी।

मेला देखने जा रहे श्रद्धालुओ से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटी नौ घायल

श्रावस्ती। कार्तिक पूर्णिमा का मेला देखने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली भिनगा कोतवाली क्षेत्र के बनघुसरा मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में महिलाओं और बच्चों समेत करीब नौ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल भिनगा में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।सोनवा थाना क्षेत्र के फतुहापुर गांव से दो दर्जन से अधिक श्रद्धालु ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार होकर करीब 10 किलोमीटर दूर लखराव मेला देखने जा रहे थे। बनघुसरा मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने पहुंचकर ट्रॉली में फंसे घायलों को बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाने में मदद की।घायल श्रद्धालु कलावती ने बताया कि ट्रैक्टर चालक ने पेट्रोल पंप पर किराया लेने के बाद गाड़ी तेज रफ्तार से चलानी शुरू कर दी थी। यात्रियों ने उसे धीरे चलाने के लिए भी कहा, लेकिन कुछ ही देर में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। महिला ने चालक की पहचान गांव के ही रोहित के रूप में बताई।

प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों व जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा



बहराइच । राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री दिनेश प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने निर्माणाधीन परियोजनाओं एवं विकास कार्यों का नियमित निरीक्षण करने तथा गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्धारित रोस्टर के अनुसार ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित करने, जर्जर तारों एवं दोषपूर्ण ट्रांसफार्मर को निर्धारित अवधि में बदलने तथा आमजन के फोन अटैण्ड करने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने कहा कि विद्युत आपूर्ति में सुधार के लिए निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय से पूर्ण कर जनोपयोग में लाया जाय ताकि आमजन को राहत मिल सके। सड़कों एवं पुलों के निर्माणाधीन कार्यों को समय से पूरा कराएं। प्रभारी मंत्री ने नि